## महापौर की गाड़ी पर तीन हजार का चालान बना चर्चा का विषय

# पूछता है छिंदवाड़ा, यहां कब बजेगा कानून का सायरन!

# महापौर पर तीन हजार का चालान बना चर्चा का विषय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

भोपाल में विशेष मजिस्ट्रेट चेकिंग अभियान के दौरान छिंदवाड़ा के महापौर विक्रम अहके की गाड़ी पर नियम विरुद्ध हूटर और पदनाम वाली नेम प्लेट मिलने पर 3 हजार रुपये का चालान किया गया। इसी अभियान में सांसदों और मंत्रियों के स्टाफ की गाड़ियों पर भी नियमों के उल्लंघन पर कार्रवाई हुई। इस एक कार्रवाई ने साफ संदेश दिया कि सड़क पर कानून की नजर में पद नहीं, नियम मायने रखते हैं। अब छिंदवाड़ा में भी यही सवाल गूंज रहा है क्या ऐसी ही सख्ती अपने जिले में भी देखने को मिलेगी?

भोपाल की कार्रवाई बुधवार को पूरे दिन छिंदवाड़ा में चर्चा का विषय बनी रही। चाय की दुकानों से लेकर सोशल मीडिया तक लोग यही कहते नजर आए कि ₹चलो, पहली बार किसी बड़े पद वाले की गाड़ी पर भी नियम लागू हुए।




### नेतागिरी का रुतबा या कानून से ऊपर होने का भ्रम

छिंदवाड़ा की सड़कों पर रोजाना ऐसे कई वाहन दिखाई देते हैं जिन पर अवैध हूटर, बड़े-बड़े पदनाम वाली नेम प्लेट, काली फिल्म और नियमों के विपरीत अन्य पहचान लगी रहती है। कई लोग इनका इस्तेमाल सुरक्षा से ज्यादा रुतबा दिखाने के लिए करते हैं। आम चर्चा यह भी है कि कुछ कथित युवा नेता, प्रभावशाली लोग, प्रॉपर्टी कारोबारी और रेत कारोबार से जुड़े लोग ऐसे वाहनों में घूमकर खुद को आम नागरिक से अलग दिखाने की कोशिश करते हैं। हूटर बजते ही कई लोगों का व्यवहार भी बदल जाता है। सड़क पर ऐसा माहौल बनाया जाता है मानो कानून उनके लिए नहीं, बाकी लोगों के लिए बना हो। लेकिन भोपाल की कार्रवाई ने बता दिया कि नियमों के आगे न पद चलता है और न पहचान।

### छिंदवाड़ा में कार्रवाई की जाती तो भोपाल में नहीं कटता चालान

शहर में अक्सर यह चर्चा सुनने को मिलती है कि आम वाहन चालक का चालान तुरंत बन जाता है, लेकिन रसूखदार लोगों के वाहनों तक कार्रवाई की रफ्तार धीमी पड़ जाती है। यही वजह है कि लोग अब भोपाल जैसी निष्पक्ष कार्रवाई की उम्मीद छिंदवाड़ा में भी कर रहे हैं।लोगों का कहना है कि अगर बिना किसी भेदभाव के हूटर, अवैध नेम प्लेट, काली फिल्म और अन्य नियम विरुद्ध संशोधन वाले सभी वाहनों पर कार्रवाई हो, तो सड़क पर कानून का सम्मान अपने आप बढ़ जाएगा। भोपाल की कार्रवाई केवल एक चालान नहीं थी, बल्कि यह संदेश था कि लोकतंत्र में विशेषाधिकार नहीं, कानून सर्वोपरि है। अब निगाहें छिंदवाड़ा यातायात पुलिस पर टिकी हैं। यदि यहां भी प्रभावशाली लोगों सहित सभी नियम तोड़ने वालों पर समान कार्रवाई होती है, तो लोगों का प्रशासन पर भरोसा और मजबूत होगा। क्योंकि सड़क पर सबसे बड़ा पद जिम्मेदार नागरिक का होता है, और कानून की नजर में वही सबसे बड़ा है।

### कुछ दिन चला अभियान... फिर लौट आई पुरानी तस्वीर

कुछ महीने पहले छिंदवाड़ा यातायात पुलिस ने काली फिल्म हटाने का अभियान चलाया था। कई वाहनों से फिल्म हटाई गई और कुछ दिनों तक सड़क पर अनुशासन भी दिखाई दिया। लेकिन अभियान ठंडा पड़ते ही फिर वही हालात लौट आए। आज भी शहर में बड़ी संख्या में ऐसे वाहन घूम रहे हैं जिन पर नियमों की खुली अनदेखी नजर आती है।

## सरकारी आदेशों से ज्यादा प्रभावशाली साबित हो रही नेतागिरी

# अधिशेष शिक्षक, अटैचमेंट का खेल और उजड़ती शिक्षा व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा, मनीष गड़करी

मध्य प्रदेश सरकार शिक्षा व्यवस्था सुधारने के लिए लगातार नए नियम बना रही है। ई-अटेंडेंस, नियमित निरीक्षण, शिक्षकों की जवाबदेही और अधिशेष शिक्षकों के समायोजन जैसे निर्णय लिए जा रहे हैं। लेकिन जमीनी हकीकत यह है कि इन तमाम प्रयासों पर जिला स्तर पर अटैचमेंट की संस्कृति, राजनीतिक हस्तक्षेप और विभागीय संरक्षण भारी पड़ता दिखाई दे रहा है।

प्रदेश के हजारों ग्रामीण और दूरस्थ विद्यालय आज भी विषय शिक्षकों की कमी से जूझ रहे हैं। कई स्कूल एक या दो शिक्षकों के भरोसे संचालित हो रहे हैं, जबकि दूसरी ओर बड़ी संख्या में शिक्षक जिला शिक्षा कार्यालयों, बीआरसी, जनपद कार्यालयों और अन्य शासकीय कार्यालयों में वर्षों से अटैचमेंट पर बैठे हैं। इनमें से कई शिक्षक शिक्षण कार्य से पूरी तरह दूर हैं। सवाल यह है कि जब गांवों में बच्चों को शिक्षक नहीं मिल रहे, तब शिक्षकों की जगह कार्यालयों में क्यों बनी हुई है?सरकार समय-समय पर अटैचमेंट समाप्त करने के आदेश जारी करती है, लेकिन स्थानीय स्तर पर उनका पालन अक्सर कागजों तक सीमित रह जाता है। राजनीतिक सिफारिश, प्रभावशाली नेताओं का दबाव और कुछ अधिकारियों की मौन सहमति के कारण कई शिक्षक वर्षों तक अपने मूल विद्यालय नहीं लौटते। एक बार अटैचमेंट मिल जाने के बाद उसे स्थायी व्यवस्था बना लिया जाता है।

छिंदवाड़ा जिले में भी ऐसी शिकायतें समय-समय पर सामने आती रही हैं कि कई शिक्षक लंबे समय से कार्यालयों में अटैच हैं। यदि इन मामलों की निष्पक्ष जांच कराई जाए तो यह स्पष्ट हो सकता है कि कितने शिक्षक वास्तव में प्रशासनिक आवश्यकता के कारण अटैच हैं और कितने केवल प्रभाव के दम पर शिक्षण कार्य से दूर हैं।

सबसे गंभीर चिंता यह है कि इस व्यवस्था का खामियाजा उन विद्यार्थियों को भुगतना पड़ता है, जिनके स्कूलों में वर्षों से विषय शिक्षक नहीं हैं। सरकार एक ओर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की बात करती है, वहीं दूसरी ओर शिक्षक वहां उपलब्ध नहीं हैं, जहां उनकी सबसे अधिक आवश्यकता है।

यह भी आरोप लगते रहे हैं कि कुछ स्थानों पर अटैचमेंट और कार्यालयी कामकाज के नाम पर अवैध लेन-देन की संस्कृति विकसित हो गई है। ऐसे आरोप यदि सही हैं, तो यह केवल वित्तीय अनियमितता का मामला नहीं, बल्कि शिक्षा व्यवस्था की विश्वसनीयता पर भी गंभीर प्रश्न है। इन आरोपों की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए और दोषी पाए जाने वालों पर कठोर कार्रवाई होनी चाहिए।

सरकार यदि वास्तव में शिक्षा सुधार को लेकर गंभीर है तो केवल आदेश जारी करना पर्याप्त नहीं होगा। सभी अटैचमेंट की जिला स्तर पर समीक्षा कराई जाए, अनावश्यक अटैचमेंट तत्काल समाप्त किए जाएं और अधिशेष शिक्षकों का पारदर्शी समायोजन उन विद्यालयों में किया जाए जहां वर्षों से शिक्षक नहीं हैं। साथ ही, राजनीतिक दबाव में नियमों की अनदेखी करने वाले अधिकारियों की जवाबदेही भी तय हो। शिक्षा व्यवस्था का मूल्यांकन केवल ई-अटेंडेंस से नहीं होगा, बल्कि इस बात से होगा कि प्रदेश के हर बच्चे तक योग्य शिक्षक पहुंचा या नहीं। जब तक शिक्षक कार्यालयों में और विद्यार्थी शिक्षकविहीन स्कूलों में रहेंगे, तब तक शिक्षा सुधार के दावे अधूरे ही रहेंगे।

# लाखों खर्च के बावजूद खिलाड़ी अभ्यास के बजाए खेल, मैदान बीन रहे कंकड़

## खेल परिसर में मरम्मत खेल मैदान के नाम पर हुआ भ्रष्टाचार का बड़ा खेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तामिया



जिले के एकमात्र 100 सीटों वाले आदिवासी आवासीय खेल परिसर में कराए गए निर्माण एवं मरम्मत कार्यों को लेकर गंभीर सवाल उठ रहे हैं। आरोप है कि जनजातीय कार्य विभाग द्वारा पिछले वर्षों में खेल मैदान, बिजली फिटिंग, बाउंड्री वॉल, बैडमिंटन हॉल सहित विभिन्न कार्यों के लिए करीब 87 लाख रुपये का टेंडर जारी किया गया, लेकिन अधिकांश कार्यों की गुणवत्ता और वास्तविक क्रियान्वयन पर संदेह बना हुआ है।

जानकारी के अनुसार यह टेंडर कथित तौर पर लगभग 37 प्रतिशत कम दर पर स्वीकृत किया गया था। आरोप है कि पूरे कार्य की जानकारी देने वाला अनिवार्य सूचना बोर्ड आज तक परिसर में नहीं लगाया गया। इससे यह स्पष्ट नहीं हो सका कि किस मद में कितना कार्य स्वीकृत हुआ और वास्तव में क्या-क्या निर्माण कराया गया।

सूत्रों एवं विभागीय कर्मचारियों के बीच चर्चा है कि पुरानी बाउंड्री वॉल पर केवल प्लास्टर कर नई बाउंड्री के नाम पर भुगतान दर्शाया गया। वहीं बैडमिंटन हॉल में कोई उल्लेखनीय कार्य नहीं होने के बावजूद भुगतान किए जाने के आरोप लगाए जा रहे हैं। बिजली फिटिंग एवं सीसीटीवी कैमरों के नाम पर भी फर्जी मूल्यांकन कर राशि निकाले जाने की चर्चा है। यह भी कहा जा रहा है कि हाल ही में केंद्रीय मंत्री के संभावित दौरे की सूचना मिलने के बाद आनन-फानन में परिसर में 19 सीसीटीवी कैमरे लगाए गए।निर्माण की गुणवत्ता पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। हाल ही में तैयार किया गया बास्केटबॉल कोर्ट का फर्श जगह-जगह से उखड़ने लगा है तथा उसमें जलभराव की समस्या सामने आ रही है, जिससे खिलाड़ियों का अभ्यास प्रभावित हो रहा है।

नए शैक्षणिक सत्र में जब छात्र खेल परिसर पहुंचे तो खेल मैदान की स्थिति बेहद खराब मिली। मैदान में गिट्टी और कंकड़ फैले होने के कारण खिलाड़ियों को अभ्यास करने के बजाय पहले मैदान साफ करना पड़ा। छात्रों का कहना है कि लाखों रुपये खर्च होने के बावजूद मैदान न तो खेल योग्य है और न ही दौड़ने लायक बचा है।

मामले में मांग उठ रही है कि पिछले वर्षों में कराए गए सभी निर्माण एवं मरम्मत कार्यों का माप पुस्तिका (एमबी) के आधार पर स्वतंत्र भौतिक सत्यापन कराया जाए। यदि निष्पक्ष जांच होती है तो मरम्मत कार्यों, भुगतान और गुणवत्ता से जुड़े कई तथ्य सामने आ सकते हैं।

### माँ शारदा की कृपा और सभी के स्नेह ने मुझे हर कदम पर दी नई ऊर्जा : साहू

**छिन्दवाड़ा।** छिन्दवाड़ा से मैहर तक सांसद बंटी विवेक साहू की 14 दिवसीय ऐतिहासिक धार्मिक पदयात्रा गत दिनों सफलतापूर्वक संपन्न हो गई है। इस धार्मिक पदयात्रा के दौरान सभी पदयात्रियों, क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों, सहयोगियों, विभिन्न संगठनों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, ग्रामीणों, प्रशासन, पत्रकारबंधुओं एवं हर सेवाभावी ने निस्वार्थ भाव से सांसद बंटी विवेक साहू को भरपूर सहयोग प्रदान किया था। ऐतिहासिक धार्मिक पदयात्रा के सफलतापूर्वक संपन्न होने पर सांसद बंटी विवेक साहू ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया है। सांसद बंटी विवेक साहू ने सभी सहयोगियों के प्रति हृदय की गहराइयों से कोटि-कोटि धन्यवाद देते हुए कहा कि 1 जुलाई से 14 जुलाई तक छिंदवाड़ा से मैहर धाम तक 375 किलोमीटर की यह धार्मिक पदयात्रा मेरे जीवन की एक अविस्मरणीय आध्यात्मिक साधना रही। पदयात्रा के दौरान तपती धूप, बारिश और कठिन मार्ग के बावजूद माँ शारदा की कृपा तथा आप सभी के स्नेह ने हर कदम पर मुझे नई ऊर्जा दी।

# नाबालिग दुष्कर्म पीड़िता का अवैध गर्भपात कराने के आरोप में सरकारी महिला डॉक्टर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पांढुर्णा

क्षेत्र में एक बेहद गंभीर और सनसनीखेज मामला सामने आया है। मुलताई पुलिस ने पांढुर्णा के सिविल अस्पताल में पदस्थ महिला चिकित्सक डॉ. चेतना कराले को एक नाबालिग दुष्कर्म पीड़िता का अवैध रूप से गर्भपात कराने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया है। इस मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी और उसके सहयोगी भाई को भी नामजद किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार अवैध रूप से कराए गए गर्भपात के चलते युवती को गंभीर हालत में नागपुर के अस्पताल में ले जाया गया। यहां के अस्पताल में प्रबंधन ने मामले की सूचना वहां की पुलिस को दी। नागपुर पुलिस ने अस्पताल में जाकर पूछताछ की तो सारी कहानी सामने आई। इसके बाद नागपुर पुलिस ने यह प्रकरण जीरो में दर्ज कर डायरी मुलताई पुलिस को प्रेषित कर दी।

### दुष्कर्म के बाद गर्भवती हुई थी नाबालिग



पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार, मुलताई के एक ग्राम की रहने वाली एक नाबालिग युवती को हवस का शिकार बनाया गया था। अमित साहू नामक युवक ने पीड़िता के साथ जबरन संबंध बनाए, जिससे वह गर्भवती हो गई। नाबालिग के गर्भवती होने की खबर लगते ही आरोपी अमित घबरा गया। बदनामी और पुलिस कार्रवाई से बचने के लिए उसने अपने छोटे भाई गजेंद्र साहू के साथ मिलकर गर्भपात कराने की साजिश रची।

### सरकारी डॉक्टर ने निजी अस्पताल में किया गर्भपात

आरोपी अमित और उसका भाई गजेंद्र कानूनी प्रक्रियाओं को बाईपास करने के लिए पीड़िता को पांढुर्णा के एक निजी नर्सिंग होम लेकर पहुंचे। वहां पांढुर्णा के शासकीय सिविल अस्पताल में पदस्थ डॉ. चेतना कराले ने कथित तौर पर नियमों को ताक पर रखकर उस निजी अस्पताल में नाबालिग का अवैध गर्भपात कर दिया।मुलताई पुलिस ने मामले की गहन विवेचना और साक्ष्यों के आधार पर मुख्य आरोपी अमित साहू, सहयोगी गजेंद्र साहू एवं डॉ. चेतना कराले (अवैध गर्भपात की आरोपी)के खिलाफ विभिन्न गंभीर धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर उन्हें हिरासत में ले लिया है।

### पीडिता की हालत नाजुक

अवैध और असुरक्षित तरीके से किए गए इस गर्भपात के कारण पीड़िता की शारीरिक स्थिति अत्यंत गंभीर और चिंताजनक बनी हुई है। डॉक्टरों की एक टीम उसकी स्थिति पर लगातार नजर रखे हुए है।इस अमानवीय कृत्य और एक जिम्मेदार सरकारी डॉक्टर की इस संलिप्तता के उजागर होने के बाद मुलताई के नागरिकों में भारी रोष व्याप्त है। आम जनता ने आरोपियों को कड़ी से कड़ी सजा देने की मांग की है ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। पुलिस मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई कर रही है।

# वर्मा दम्पति की जमानत अर्जी खारिज

## लगभग एक सप्ताह पूर्व तीनों को पुलिस ने गिरफ्तार कर कोर्ट में किया था पेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया

शादी का झांसा , गर्भपात और वकील को धमकी के केस में चांदामेटा के वर्मा दम्पति की जमानत अर्जी बुधवार को एस्ट्रोसिटी कोर्ट ने खारिज कर दी है । वर्मा दम्पति में दीपक वर्मा सराफा व्यवसायी है और उनकी पत्नी माधुरी वर्मा पार्षद है । इनके और इनके पुत्र संस्कार वर्मा के खिलाफ संगीन मामलों में प्रकरण दर्ज होने के बाद से तीनों फरार थे ।

लगभग एक सप्ताह पूर्व तीनों को पुलिस ने गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया था । जहां से संस्कार वर्मा को पुलिस रिमांड पर और दोनों पति - पत्नी को जेल भेजा गया था ।चांदामेटा और परासिया थाना क्षेत्र में एक ही परिवार के खिलाफ दर्ज दो अलग - अलग संगीन मामलों ने सनसनी फैला दी थी । शादी का झांसा देकर एक युवति का शोषण और SC/ST Act के मामले में एट्रोसिटी कोर्ट ने नपं चांदामेटा की भाजपा पार्षद माधुरी वर्मा और उनके पति भाजपा नेता दीपक वर्मा की जमानत याचिका खारिज कर उन्हें जेल भेज दिया है । वहीं मामले के मुख्य आरोपी उनके बेटे संस्कार वर्मा को परासिया कोर्ट ने प्रोडेक्शन वारंट जारी किया है।

### क्या है पूरा मामला

चांदामेटा पुलिस ने 01 जून 2026 को पीड़िता की शिकायत पर **FIR** दर्ज की थी । पीड़िता का आरोप है , कि संस्कार वर्मा ने पिछले एक साल तक शादी का वादा कर भोपाल के एक होटल में उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए ।



गर्भवती होने पर दवा देकर गर्भपात कराया गया । शादी की बात करने पर संस्कार , दीपक और माधुरी वर्मा ने पीड़िता को जातिगत गालियां दीं और जान से मारने की धमकी दी । जिस पर युवति की शिकायत पर पुलिस ने **BNS** की धारा 69, 351(3), 3(5) और **SC/ST Act** के तहत केस दर्ज किया था ।शिकायत में यह भी कहा गया है , कि दीपक और माधुरी वर्मा ने पहले पीड़िता को बहला - फुसलाकर अधिवक्ता मुकेश मौर्य के खिलाफ शिकायत करवाने और संस्कार से शादी करवाने का लालच दिया , लेकिन वकील के खिलाफ प्रेस कॉन्फ्रेंस करने के तुरंत बाद ही वे शादी की बात से मुकर गए । इसके बाद पीड़िता ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई।

### दूसरा केसः अधिवक्ता को जान से मारने की धमकी

इसी प्रकरण में पीड़िता को कानूनी सलाह दे रहे परासिया के अधिवक्ता मुकेश मौर्य को भी संस्कार वर्मा ने धमकी दी । आरोप है , कि संस्कार ने फोन पर वकील को जातिगत गाली दी और उत्तर प्रदेश से शूटर बुलाकर जान से मारने की धमकी दी । बातचीत की रिकॉर्डिंग पीड़िता ने वकील को सौंपी थी ।

### अब तक की कार्रवाई

1. दीपक वर्मा और माधुरी वर्माः एट्रोसिटी कोर्ट से जमानत खारिज, न्यायिक हिरासत में जेल भेजे गए।2. संस्कार वर्माः दोनों मामलों का मुख्य आरोपी। परासिया कोर्ट ने पूछताछ के लिए प्रोडेक्शन वारंट जारी किया है।

**पुलिस जांचः** पुलिस दोनों मामलों में होटल के रजिस्टर, कॉल डिटेल रिकॉर्ड और ऑडियो क्लिप जैसे डिजिटल साक्ष्य जुटा रही है। विवेचना पूरी होने के बाद चार्जशीट कोर्ट में पेश की जाएगी।

### ग्राम पांगड़ी में अवैध उत्खनन से ग्रामीण परेशान, रामाकोना

**सौंसर।** रामाकोना क्षेत्र के ग्राम पांगड़ी में इन दिनों रेती तस्करों का आतंक चरम पर है। तस्करों के बेखौफ हौसलों के कारण आम नागरिकों का जीना दूभर हो गया है। ग्रामीणों का आरोप है कि दिन-दहाड़े अवैध रूप से रेती का उत्खनन और परिवहन किया जा रहा है, जिससे न केवल पर्यावरण को भारी क्षति हो रही है, बल्कि क्षेत्र की सुरक्षा और शांति भी खतरे में है। ग्रामीणों के अनुसार, रेती से भरे ओवरलोड वाहन दिनभर तेज रफ्तार में सड़कों पर दौड़ते हैं, जो स्थानीय लोगों और विशेषकर स्कूल जाने वाले बच्चों के लिए किसी बड़े खतरे से कम नहीं है। सड़क पर इन वाहनों की आवाजाही से आए दिन दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। इस क्षेत्र से अवैध रूप से ट्रैक्टरों के द्वारा किए जा रहे हैं उत्खनन पर कार्रवाई करने की मांग की जा रही है।ग्रामीणों ने बताया कि रेती ले जाने वाले वाहनों से जगह-जगह अवैध रूप से राशि वसूला जा रहा है। वसूली करने वाला गिरोह न केवल वाहन चालकों को, बल्कि विरोध करने वाले स्थानीय निवासियों को भी डराने-धमकाने से पीछे नहीं हटता।स्थानीय निवासियों ने इस संबंध में संबंधित प्रशासनिक अधिकारियों और खनिज विभाग को कई बार शिकायतें सौंपी हैं।

### सांसद आज विभिन्न कार्यक्रमों में होंगे शामिल

**छिन्दवाड़ा।** सांसद बंटी विवेक साहू छिन्दवाड़ा से मैहर तक की 14 दिवसीय धार्मिक पदयात्रा से लौटने के बाद 16 जुलाई को छिन्दवाड़ा शहर में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होने के साथ ही सांसद कार्यालय छिन्दवाड़ा में आमजनों से मुलाकात भी करेंगे।

सांसद बंटी विवेक साहू सुबह 10:45 बजे छोटी बाजार छिन्दवाड़ा से प्रारंभ होने वाली जगन्नाथ रथयात्रा में शामिल होंगे। सुबह 11:15 बजे सतपुड़ा लॉ कॉलेज मोहननगर में नई एकेडमिक बिल्डिंग का उद्घाटन करेंगे। दोपहर 3 बजे गांधीगंज छिन्दवाड़ा से प्रारंभ होने वाली जगन्नाथ रथयात्रा में शामिल होंगे।

## टीआई पद पर मिली नई जिम्मेदारी, एसपी ने स्टार लगाकर किया सम्मान





**छिंदवाड़ा।** जिले के दो पुलिस अधिकारियों को नई जिम्मेदारियां मिलने पर पुलिस विभाग सहित शुभचिंतकों में हर्ष का माहौल है। सांवरी चौकी प्रभारी मुकेश द्विवेदी को टीआई बनाए जाने पर उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी जा रही हैं। वहीं कुंडीपुरा थाना प्रभारी महेंद्र भगत को टीआई पद पर पदोन्नति मिलने पर भी शुभकामनाओं का सिलसिला जारी है। शुभचिंतकों ने कहा कि दोनों अधिकारियों ने अपनी मेहनत, ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा और जनसेवा के माध्यम से विभाग में अलग पहचान बनाई है। उनके उत्कृष्ट कार्यों और अनुशासित कार्यशैली का ही परिणाम है कि उन्हें नई जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। लोगों ने विश्वास जताया कि दोनों अधिकारी अपने नए दायित्वों का भी पूरी निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ निर्वहन करते हुए कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाएंगे तथा जनता का विश्वास कायम रखेंगे। एसपी अजय पांडे ने बैंच लगाकर दोनों अधिकारियों को सम्मानित किया।

## 2 लाख की अनुग्रह राशि का मामला आया सामने, जनपद पंचायत की कुर्सियों से गायब रहते हैं अधिकारी कर्मचारी

# सरकारी फाइलों में 'जीवित' महिला को घोषित किया 'मृत'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौसर



मध्यप्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी संबल योजना में एक बेहद चौंकाने वाला और गंभीर लापरवाही का मामला सामने आया है। सौसर तहसील के कोपरावाडी खुर्द गांव में एक जीवित महिला को सरकारी कागजों में 'मृत' घोषित कर दिया गया है। इतना ही नहीं, मृत दर्शाकर उनके नाम पर मिलने वाली 2 लाख रुपये की अनुग्रह राशि भी निकाल ली गई है, जिससे प्रशासनिक अमले में हड़कंप मच गया है।

कोपरावाडी खुर्द निवासी श्रीमती चंद्रकला अशोक धुर्वे जब हाल ही में संबल योजना का लाभ लेने के लिए एक ऑनलाइन सेंटर पहुंचीं, तो उन्हें जो पता चला उसने उनके पैरों तले जमीन खिसका दी। पोर्टल पर उनकी स्थिति 'मृत' दिखाई जा रही थी। पड़ताल करने पर खुलासा हुआ कि उनके नाम पर संबल योजना के तहत मृत्यु सहायता राशि के रूप में 2 लाख रुपये का आहरण भी किया जा चुका है। इस मामले में शुरुआती जांच में प्रशासनिक अधिकारियों से मिली जानकारी दी है कि कोपरावाडी खुर्द पंचायत में दो महिलाओं का नाम 'चंद्रकला' है। वर्ष 2018 में चंद्रकला पति माणिक धुर्वे का निधन हो गया था। आरोप है कि जनपद ओर पंचायत स्तर पर हुई भारी लापरवाही के कारण, मृत महिला के स्थान पर जीवित चंद्रकला (पति अशोक धुर्वे) का नाम सिस्टम में अपडेट कर दिया गया।इस मानवीय भूल या साजिश के चलते जीवित चंद्रकला अब न केवल कागजों में मृत हैं, बल्कि उन्हें राशन, पेंशन और अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ मिलना भी बंद हो गया है। पीड़ित महिला ने सवाल उठाया है कि उनके नाम पर निकली 2 लाख रुपये की राशि आखिर किसकी जेब में गई।

### सौंसर तहसील कार्यालय में सौंपा ज्ञापन

न्याय की गुहार लगाते हुए पीड़िता चंद्रकला अशोक धुर्वे ने बुधवार को तहसील कार्यालय पहुंचकर तहसीलदार और जनपद पंचायत सीईओ के नाम एक ज्ञापन सौंपा। इस दौरान कांग्रेस नेता संदीप लोनारे और अशोक धुर्वे सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। पीड़िता ने मांग की है कि मामले की उच्चस्तरीय जांच हो और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाए ताकि उन्हें उनका हक वापस मिल सके। इधर मामले के तूल पकड़ने और क्षेत्र में चर्चाओं का बाजार गर्म होने के बाद सौसर प्रशासन हरकत में आया है। जनपद पंचायत के अधिकारियों ने स्वीकार किया है कि यह नाम में समानता के कारण हुई तकनीकी गड़बड़ी (गलत अपडेशन) का मामला है। प्रशासन ने मामले की तत्काल जांच करने और संबंधित पंचायत स्तर पर दोषियों के खिलाफ उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

# चार इंजन की सरकार, फिर भी विकास शून्य!

## परासिया के हाल-बेहाल, कांग्रेस का भाजपा परिषद पर बड़ा हमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया



नगर पालिका में नेता प्रतिपक्ष वीर बहादुर सिंह ने भाजपा परिषद पर तीखा हमला बोलते हुए परासिया शहर को विकास के मामले में पिछड़ता हुआ बताया। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र, राज्य, नगर पालिका और सांसद के रूप में भाजपा के चार इंजन होने के बावजूद शहर में विकास कार्य पूरी तरह ठप हैं और जनता बुनियादी सुविधाओं के लिए परेशान है।

वीर बहादुर सिंह ने कहा कि लगातार दो कार्यकाल से भाजपा नगर पालिका परिषद पर काबिज है, लेकिन इसके बावजूद शहर की तस्वीर नहीं बदली। करोड़ों रुपये की योजनाएं अधूरी पड़ी हैं और आम नागरिकों को उनका लाभ नहीं मिल पा रहा है। उनका कहना है कि परासिया विकास के बजाय कई वर्ष पीछे चला गया है।

उन्होंने आरोप लगाया कि स्वच्छ भारत मिशन के तहत लगभग 12 करोड़ रुपये की लागत से प्रस्तावित लिक्विड वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट आज भी अधूरा है। अमृत-2 योजना के अंतर्गत 20.76 करोड़ रुपये की पेयजल परियोजना का दो वर्ष पहले भूमिपूजन हुआ था, लेकिन मंधान डैम से शहर तक पानी लाने की योजना अब भी अधर में लटकी हुई है।

इसके अलावा करीब 3 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाला नगर पालिका शॉपिंग कॉम्प्लेक्स पिछले तीन वर्षों से गड्ढे में तब्दील है, जहां बारिश के दौरान जलभराव की स्थिति बन जाती है। मुख्यमंत्री अधोसंरचना योजना के तहत स्टेशन रोड और नाला निर्माण कार्य भी अधूरे पड़े हैं।

वहीं कायाकल्प योजना के अंतर्गत वाटर वाडी के अधिकांश कुओं का सुधार नहीं हो सका है। 76 लाख रुपये की लागत वाले एमआरएफ सेंटर तथा कई वार्डों में प्रस्तावित आंगनबाड़ी भवनों का निर्माण भी शुरू नहीं होने का आरोप लगाया गया।

नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि बड़ी परियोजनाओं की बात तो दूर, शहर में स्ट्रीट लाइट, स्वच्छ पेयजल, नियमित सफाई और जल निकासी जैसी मूलभूत सुविधाएं भी प्रभावित हैं। उन्होंने बताया कि नगर पालिका में महीनों से इंजीनियर का पद खाली पड़ा है। स्थानांतरण के बाद अब तक किसी अधिकारी ने कार्यभार नहीं संभाला, जिसके कारण छोटे-बड़े विकास कार्य और निर्माण परियोजनाएं प्रभावित हो रही हैं।

वीर बहादुर सिंह ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि नगर पालिका प्रशासन और भाजपा परिषद ने जल्द ही विकास कार्यों में तेजी नहीं लाई और जनता की समस्याओं का समाधान नहीं किया, तो कांग्रेस व्यापक जनआंदोलन करेगी।

उन्होंने बताया कि पार्षद पूनम कैथवास, प्रतिभा सोनी, सावित्री वर्मा, ब्रजेश भालवी, रुक्मा बंसोड़, नीलोफर खान, प्रतिमा बैस, पूजा मरकाम, विधायक प्रतिनिधि आशीष सिकंदरपुरे तथा बड़ी संख्या में नागरिकों के साथ नगर पालिका का घेराव कर धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस जनता के हितों के लिए सड़क से लेकर सदन तक संघर्ष जारी रखेगी।

## शासकीय कॉलेज में मनाया इको क्लब दिवस



**बिछुआ।** पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशानुसार पर्यावरण शिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत शासकीय महाविद्यालय बिछुआ में प्राचार्य डॉ आर.पी. यादव के मार्गदर्शन में 15 जुलाई 2026 को इको क्लब के द्वारा इको क्लब दिवस मनाया गया। इको क्लब दिवस के अंतर्गत महाविद्यालय के नवप्रवेशित विद्यार्थियों एवं अन्य संकाय के छात्र छात्राओं को इको क्लब के उद्देश्य, पर्यावरणीय चेतना एवं पर्यावरण अनुकूल जीवनशैली के लिए उन्मुखीकरण कार्यक्रम आयोजित किया गया इको क्लब प्रभारी डॉ॰ नवीन कुमार चौरसिया ने सभी इको मित्र को इको क्लब के उद्देश्यों, मिशन लाइफ की सात थीम से अवगत कराया। इको क्लब सदस्य डॉ नसरीन अंजुम खान के द्वारा पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई गई। इको क्लब के सदस्य डॉ॰ स्मिल बेलिया, डॉ॰ नमिता चौबे, डॉ. कीर्ति डेहरिया, डॉ नसरीन अंजुम खान ने सभी छात्र छात्राओं को इको क्लब ज्वाइन करने के लिए प्रेरित किया।विद्यार्थियों को इको क्लब ज्वाइन करने के लिए इको फ्रेंडली सीड पेन का वितरण किया गया। समस्त विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक इको क्लब ज्वाइन कर पर्यावरण संरक्षण करने का संकल्प लिया।भावना नामदेव साक्षी साहू, अंजली ठाकुर, अर्चना एवं महाविद्यालय के समस्त इको मित्र ने महाविद्यालय परिसर में भ्रमण कर पर्यावरण सेल्फी प्वाइंट पर सेल्फी निकालकर जागरूकता का संदेश दिया। एवं हरित वसुधा का भ्रमण कर विभिन्न प्रजातियों के पौधों को जाना।

## अवैध रेत परिवहन करते ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त, प्रकरण कलेक्टर न्यायालय में प्रस्तुत किया जाएगा प्रकरण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पांढुर्णा

कलेक्टर नीरज कुमार वशिष्ठ के निर्देशानुसार जिले में खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण पर प्रभावी नियंत्रण के लिए खनिज विभाग द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में बुधवार को खनिज विभाग पांढुर्णा के संयुक्त दल ने तहसील सौंसर अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों में आकस्मिक निरीक्षण अभियान चलाया। निरीक्षण के दौरान सीतापार–पांगड़ी नाला क्षेत्र के मार्ग पर ट्रैक्टर-ट्रॉली क्रमांक MP28AC5110 अवैध रूप से रेत का उत्खनन एवं परिवहन करते हुए पाई गई। खनिज विभाग ने तत्काल कार्रवाई करते हुए मध्यप्रदेश खनिज नियमों के प्रावधानों के अंतर्गत उक्त वाहन को जब्त कर लिया। जब्त ट्रैक्टर-ट्रॉली को रेत सहित पुलिस थाना सौंसर परिसर में शासकीय अभिरक्षा में सुरक्षित खड़ा कराया गया है। अवैध उत्खनन एवं परिवहन के संबंध में प्रकरण दर्ज कर नियमानुसार जुर्माना अधिरोपित किए जाने हेतु प्रकरण माननीय कलेक्टर न्यायालय, पांढुर्णा के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। कार्रवाई के दौरान खनि अधिकारी सुश्री यामिनी उईके, सहायक खनि अधिकारी श्री महेश नगपुरे सहित खनिज विभाग का संयुक्त अमला उपस्थित रहा।

## एक रात में टूटे 3 जगह के ताले 3 हजार की हुई चोरी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया

बीती मंगलवार - बुधवार की दरमियानी रात परासिया शहर में अलग - अलग 3 जगहों के ताले टूटे । जिसमें एक किराना दुकान और दो मेडिकल क्लिनिक शामिल है । किराना दुकान से सिर्फ 3 हजार रूपये अज्ञात चोरों के हाथ लगने की बात सामने आई है । इस घटना की खबर ने लोगों को सकते में डाल दिया है । मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार - बुधवार रात करीब 5 बजे सफाई कर्मी महिला ने परासिया थाने से कुछ दूरी पर भट्टी मोहल्ला रोड पर स्थित हिन्द किराना स्टोर का ताला टूटा देखा , तब दुकानदार को इसकी खबर दी । दुकानदार ने आकर दुकान का सामान देखा और ग़ल्ला चेक किया , गल्ले में से 3000 हजार रूपए गायब मिले। इसके अलावा दुकान के आगे हनुमान मंदिर के समीप टेक मोहल्ला रोड पर स्थित एक मेडिकल क्लिनिक और रिंक टाकीज के पास स्तिथ डॉक्टर सिंग के क्लिनिक का भी ताला तोड़ा गया । हालांकि इन दोनों जगह से कोई भी सामान चोरी होने या गायब मिलने की बात सामने नहीं आई ।

पीड़तिों द्वारा इस मामले की शिकायत पुलिस में किए जाने के बाद सी सी टी वी कैमरे की जांच की गई । एक कैमरे में दो लोग मुँह ढंके हुए रात 1:33 बजे हिन्द किराना में घुसते और निकलते दिखाई दिए हैं । पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ जांच शुरू कर दी है ।

## पौधा लगाकर मनाया मंगल दिवस

**छिंदवाड़ा।** जिले की जैवविविधता को बचाने के हर व्यक्ति को कुछ न कुछ पहल करना चाहिए जिससे की जैवविविधता को संरक्षित किया जा सके । महिला एवं बाल विकास शहरी परियोजना एवं स्वंय सेवी संस्था कुकड़ा ग्राम उत्थान समिति के द्वारा स्थानीय खजरी के आंगनवाड़ी केंद्र क्रमांक 1 के परिसर को हरा भरा रखने पौधा रोपण एक पेड़ बेटी के नाम की नोडल अधिकारी रंजीता सिंग पर्यवेक्षक शबनम मंसूरी एवं पर्यावरण विद श्यामल राव, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता भावना साहू सहित स्थानीय महिलाओं की उपस्थिति मे किया गया।

शबनम मंसूरी ने बताया की उक्त परिसर मे पर्यावरण के संतुलन को बनाये रखने विभिन्न प्रजातियों के पौधे का रोपण किया गया जिससे की जैवविविधता बनी रहे ।रंजीता सिंग ने कहा की पर्यावरण संरक्षण के लिए लगे हुए वृक्षों का संरक्षण एवं जैवविविधता का संरक्षण करने के लिए अपने घरो मे एक पौधा बेटी के नाम से अवश्य लगाये ।

## प्रशासन अपने हाथ ले सांदीपनि स्कूल बस संचालन, बच्चों की सुरक्षा को लेकर कांग्रेस सख्त



**सौंसर।** सांदीपनी ओर निजी स्कूल बसों में विद्यार्थियों की सुरक्षा को लेकर चल रही बहस के बीच कांग्रेस समाज कल्याण समन्वय समिति ने कड़ा रुख अपना लिया है।समिति ने सांदीपनि स्कूल प्रबंधन द्वारा परिवहन स्कूल बसो की जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ने वाले बयानों पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए इसे संवेदनहीन बताते हुए प्रशासन से कार्यवाही करने की माग की है।हाल ही में सांदीपनी स्कूल में बस परिवहन को लेकर एक बयान सामने आया था, जिसमें स्कूल प्रबंधन ने कहा था कि ₹पालकों से फार्म भरवाए गए हैं और बस सुविधा सरकार द्वारा उपलब्ध नहीं है, इसलिए पालक स्वयं व्यवस्था करें।₹ इस बयान के विरोध में कांग्रेस नेता अंकित दिलीप गुर्वे, नानेश्वर गावंडे के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने प्रशासन को ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि बच्चों की सुरक्षा केवल पालकों की नहीं, बल्कि स्कूल प्रबंधन की भी नैतिक और कानूनी जिम्मेदारी है। प्रतिनिधिमंडल का कहना है कि कई पालक मेहनत-मजदूरी कर अपने बच्चों को पढ़ा रहे हैं, और उनके लिए बच्चों की सुरक्षा ही सर्वोपरि है। किसी भी अप्रिय घटना के बाद जिम्मेदारी एक-दूसरे पर थोपने का खेल नहीं चलेगा। बच्चों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जानी चाहिए।ज्ञापन के माध्यम से कांग्रेस नेताओं ने परिवहन पुलिस विभाग सौसर एसडीएम एवं स्कूल प्रबंधन सांदीपनि स्कूल में चलने वाली सभी बसों के फिटनेस, इंश्योरेंस, परमिट, पीयूसी और चालकों के वैध दस्तावेजों, बसों में सीसीटीवी कैमरे, जीपीएस सिस्टम जलीया मेडिकल बॉक्स, महिला पुरुष कंडक्टर, बैठने की व्यवस्था, बसों की हालत आदि की जांच करने की मांग की है। इसके अलावा बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए स्कूल प्रबंधन के साथ मिलकर एक स्पष्ट और पारदर्शी व्यवस्था बनाई जाए। इस दौरान कांग्रेस नेता जुबेर अली, अनुभव रूंघे, अलकेश बागडे गुलशन गजभिए सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय में निकाली गई नशा मुक्ति रैली, दिलाई गई शपथ

**किरनापुर ।** नशे से दूरी है जरूरी 2.0 नशा उन्मूलन अभियान के तहत बुधकार को शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय किरनापुर में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। अभियान के प्रथम 15 जुलाई को महाविद्यालय की प्राचार्य श्रीमती अनीता तारन के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय सेवा योजना (रा.से.यो.) की कार्यक्रम अधिकारी सुश्री रुचिका धुर्वे के नेतृत्व में स्वयंसेवकों एवं छात्राओं ने नशा मुक्ति रैली निकालकर समाज को नशे से दूर रहने का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान प्राचार्य श्रीमती अनीता तारन ने विद्यालय के समस्त प्राध्यापकों, कर्मचारियों एवं छात्राओं को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि नशामुक्त समाज के निर्माण में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका है और जनजागरूकता के माध्यम से ही इस अभियान को सफल बनाया जा सकता है।

### केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान की उपस्थिति में गूंजा पर्यावरण संरक्षण का संकल्प

## दिल्ली के पूसा संस्थान में गूंजी वारासिवनी की आवाज

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

वारासिवनी। देश की राजधानी नई दिल्ली स्थित प्रतिष्ठित पूसा संस्थान में आयोजित राष्ट्रीय 'वृक्ष मित्र संवाद' कार्यक्रम में बालाघाट जिले के वारासिवनी क्षेत्र के युवाओं ने अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज कराई। इस गरिमामयी राष्ट्रीय सम्मेलन में वारासिवनी के डॉ. मनोज पंवार ने पर्यावरण संरक्षण और संवर्धन को लेकर क्षेत्र के युवाओं के विजन और नीतिगत सुझावों को पूरे देश के सामने रखा।

यह विशेष आयोजन केंद्रीय कृषि, किसान कल्याण एवं ग्रामीण विकास मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान देश भर से आए पर्यावरण प्रेमियों और युवाओं ने पर्यावरण सुधार की दिशा में अपने विचार साझा किए। वारासिवनी क्षेत्र के युवाओं की ओर से रखे गए व्यावहारिक और नीतिगत सुझावों को राष्ट्रीय स्तर पर खूब सराहना मिली।



सम्मेलन में सहभागिता कर लौटे मनोज पवार ने इस उपलब्धि को समूचे क्षेत्र के लिए गौरवशाली बताते हुए कहा, ₹यह सम्मान केवल किसी एक व्यक्ति का नहीं, बल्कि राष्ट्र समर्पण की भावना से काम करने वाले हमारे सभी साथियों का है। प्रकृति संरक्षण के इस महायज्ञ को अब हम सभी को मिलकर जन-जन का आंदोलन बनाना है।₹उन्होंने इस गौरवपूर्ण यात्रा में सतत सहयोग और स्नेह देने के लिए सभी क्षेत्रवासियों व शुभचिंतकों के प्रति आभार व्यक्त किया। इस उपलब्धि पर क्षेत्र के पर्यावरण प्रेमियों और प्रबुद्धजनों ने हर्ष व्यक्त करते हुए शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

## सरस्वती शिशु मंदिर लांजी में नशा मुक्ति जागरूकता अभियान का आयोजन, छात्र-छात्राओं को दिलाई गई शपथ

### थाना प्रभारी मुकेश तुबोलिया बोले - नशा जहर है, इसकी जानकारी तुरंत पुलिस को दें₹; मोबाइल की लत को भी बताया खतरनाक

हरिभूमि न्यूज लांजी।







मध्य प्रदेश शासन द्वारा 15 जुलाई से 30 जुलाई तक चलाए जा रहे ₹नशा मुक्ति जन जागरण अभियान₹ के तहत मंगलवार को सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लांजी में पुलिस विभाग द्वारा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थाना प्रभारी श्री मुकेश तुबोलिया, उप निरीक्षक श्रीमती विधि पांडे, प्रधान आरक्षक श्री प्रमोद बिसेन रहे। अध्यक्षता विद्यालय के अध्यक्ष श्री विजय रामटेक्कर ने की। मंच पर प्राचार्य श्री दिनेश गिरी गोस्वामी, सचिव, व्यवस्थापक सहित विद्यालय परिवार उपस्थित रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती एवं मां भारती के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन से हुआ। वाणी वंदना के बाद श्री बोहने ने अतिथियों का तिलक वंदन कर स्वागत किया। थाना प्रभारी मुकेश तुबोलिया ने कहा कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य लोगों को नशे की लत से मुक्त करना है। इसमें शासन के सभी विभाग लगे हुए हैं। उन्होंने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा, ₹गुटका, बीड़ी, सिगरेट, शराब आदि सभी नशीली वस्तुएं हैं। नशे की लत से व्यक्ति अपना और अपने परिवार का जीवन तबाह कर देता है। परिवार कर्ज में डूब जाता है और अंत में नौबत मृत्यु तक आ जाती है। नशेड़ी व्यक्ति चोरी, डकैती तक करने लगता है।₹ उन्होंने सभी से आग्रह किया कि यदि आस-पास कोई नशे का आदी दिखाई दे तो उसकी जानकारी पुलिस थाना में दें और उसे नशा मुक्त कराने का प्रयास करें। अंत में सभी छात्र-छात्राओं को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई। प्राचार्य ने मोबाइल की लत को भी बताया चिंता का विषय प्राचार्य श्री दिनेश गिरी गोस्वामी ने कहा कि शासन की यह पहल सराहनीय है। साथ ही उन्होंने कहा कि आजकल बच्चे और युवा मोबाइल देखने के आदी हो गए हैं। अधिक मोबाइल देखना भी नशे की तरह है। इससे दूरी बनाकर रखें और जरूरत पड़ने पर ही मोबाइल का उपयोग करें। उन्होंने पुलिस टीम, विद्यालय परिवार और छात्र-छात्राओं के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का मंच संचालन श्री त्र्यंबक भगत ने किया।

## नशे से दूरी है जरूरी 2.0 अभियान : मिनी मैराथन और प्रतिज्ञा के साथ जागरूकता की शुरुआत



**हरिभूमि न्यूज कटंगी।** नशे के खिलाफ जंग को तेज करने के लिए पुलिस अधीक्षक बालाघाट आदित्य मिश्रा के निर्देशन, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस विवेक कुमार शर्मा के मार्गदर्शन और थाना प्रभारी धर्मेंद्र कुसराम के नेतृत्व में कटंगी में बुधवार को नशे से दूरी है जरूरी 2.0 अभियान की शुरुआत की गई। अभियान का उद्देश्य युवाओं को नशे के दुष्परिणामों से बचाकर नशा मुक्त मध्य प्रदेश का संकल्प पूरा करना है। अभियान की शुरुआत आज सुबह साढ़े 08 बजे नगर में आयोजित सांकेतिक मिनी मैराथन दौड़ से हुई। इसमें बड़ी संख्या में स्कूल के छात्र, युवा, खिलाडी और आमजन शामिल हुए। दौड़ के समापन पर सभी युवाओं को सामूहिक रूप से नशा न करने की प्रतिज्ञा दिलाई गई।

दोपहर 12 बजे एसडीओपी विवेक कुमार शर्मा और थाना प्रभारी धमेन्द्र कुसराम ने थाने में मीडिया कर्मियों और सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर के साथ संवाद किया। इस दौरान एसडीओपी शर्मा ने बताया कि यह अभियान 15 जुलाई से 30 जुलाई तक पूरे क्षेत्र में चलाया जाएगा। इसके तहत स्कूल, कॉलेज, बाजार, पंचायत, मंदिर, मस्जिद और सरकारी कार्यालयों में विविध जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कटंगी पुलिस का लक्ष्य है कि इस 15 दिन के अभियान में सीधे संवाद के माध्यम से 2 लाख लोगों तक पहुंचा जाए और उन्हें नशे के खिलाफ जागरूक किया जाए। पुलिस का यही संदेश है- नशा मुक्त हो मध्य प्रदेश।

दोपहर 2 बजे पुलिस टीम ने नगर परिषद कटंगी पहुंचकर कर्मचारियों से चर्चा की। थाना प्रभारी धमेन्द्र कुसराम ने कर्मचारियों को नशे से होने वाले शारीरिक, मानसिक और सामाजिक नुकसान के बारे में बताया और उन्हें नशे से दूर रहने के साथ-साथ अपने परिवार और आसपास के लोगों को भी जागरूक करने के लिए प्रेरित किया। अभियान के दौरान पुलिस ने राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो और विश्व स्वास्थ्य संगठन के आंकड़ों का भी हवाला दिया। देश में नशे और शराब से जुड़े मामलों में हर साल हजारों अपराध दर्ज होते हैं। नशे की लत के कारण युवा वर्ग चोरी, मारपीट और दुर्घटनाओं में लिप्त हो रहा है। मध्य प्रदेश भी इससे अछूता नहीं है। तंबाकू, शराब और ड्रग्स के सेवन से हर साल दुनिया भर में 80 लाख से अधिक लोगों की मौत होती है। भारत में हर 4 में से 1 मौत का कारण तंबाकू और शराब से होने वाली बीमारियां हैं।

### मुरूम की जगह रोड पर बिछाई गई है छुई और मिट्टी

## पहली ही बारिश में धराशाही हो गई प्रधानमंत्री की रोड़



**हरिभूमि न्यूज उकवा।** जनपद पंचायत बैहर के अंतर्गत ग्राम पंचायत दलदला मे प्रधानमंत्री जनमन ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत डामर रोड सी सी सड़क एवं पुलिया का कार्य ठेकेदार मुनमुन इंफ्रा नरेंद्र उपवंशी बालाघाट के द्वारा कराया गया है । जिसमें ठेकेदार के द्वारा भारी अनियमिताएं की गई है । आपको याद दिला दे की बैग बहुमूल्य क्षेत्र नक्टा टोला की ये वही सड़क है जहां कुछ साल पहले आदिवासी बैगा गर्भवती महिला को खाट पर दो से तीन फीट कीचड़ से पैदल पार कर अस्पताल तक पहुंचाया गया था यह समाचार प्रकाशित होते ही शासन प्रशासन की कुर्सियां हिल गई थी पूरे देश में सुर्खियों में रहे इस समाचार ने दलदला से नक्टा टोला सड़क को मंजूरी दिला दी । क्या ऐसे ठेकेदारों के जेब भरने के लिए सड़क के पहले चरण से लेकर अब तक के निर्माण कार्य में कहीं भी गुणवत्ता नजर नहीं आ रही है । 171.52 लाख की लागत से 2.15किमी बनी इस सड़क पर ठेकेदार द्वारा मुरूम की जगह रोड के किनारे से खेत की मिट्टी एवं छुई डाली गई है जो पहली ही बारिश झेल नही पाई और बनते ही एक माह में धराशाई हो गई। ठेकेदार की पोल खोलती जमीदोश हो रही इस सड़क मे बहुत सारी चीजे विलुप्त हो गई जिन्हे हम लाएँगे आपके सामने । हुड्डी टोला निवासी निकेश उकके सतीश पुरी गोस्वामी निकेश पुरी गोस्वामी एवं। यहां के ग्रामीणों ने संबंधित अधिकारियों एवं शासन प्रशासन से मांग की है कि इस रोड की जांच कराई जाए ताकि इस रोड की सच्चाई सबके सामने आए ।

### सफाई मित्रों का किया गया सम्मान एवं पीपीई किट वितरित

## राष्ट्रीय नमस्ते दिवस का गरिमामय आयोजन



**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास मध्यप्रदेश भोपाल द्वारा जारी दिशा निर्देशानुसार भारत सरकार द्वारा संचालित योजना नेशनल एक्शन फॉर मैकेनाइज्ड सैनिटेशन इकोसिस्टम के अंतर्गत सीवर एवं सेप्टिक टैंक सफाई मित्र एवं कचरा बिनने वाले सफाई मित्रों को शामिल कर निर्देशानुसार आज 14 जुलाई 2026 को नगर पालिका परिषद वारासिवनी में राष्ट्रीय नमस्ते दिवस का आयोजन गरिमामय वातावरण में किया गया।कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती सरिता मनोज दादरे, उपयंत्री श्रीमती अंशिका सिंह चौहान , जनप्रतिनिधिगण, पार्षदगण, स्वच्छता ब्रांड एम्बेसेडर अधिकारी-कर्मचारी एवं सफाई मित्र उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान नमस्ते योजना अंतर्गत पंजीकृत सफाई मित्रों एवं वेस्ट पिकर्स का सम्मान करते हुए उन्हें पर्सनल प्रोटेक्टिव इक्विपमेंट (PPE) किट तथा पात्र हितग्राहियों को आयुष्मान भारत कार्ड वितरित किए गए। इस अवसर पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने सफाई मित्रों के कार्यों की सराहना करते हुए उनके स्वास्थ्य, सुरक्षा एवं सम्मान के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को रेखांकित किया। आयोजन के अंतर्गत सफाई मित्रों का स्वास्थ्य परीक्षण, शिविर आयोजित किए गए। जिसमें उपस्थित स्वच्छता मित्रों का स्वास्थ्य परीक्षण मेडिकल ऑफिसर एवं स्टाफ द्वारा किया गया । इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती सरिता मनोज दादरे ने कहा कि सफाई मित्र हमारे शहर की स्वच्छता व्यवस्था की रीढ़ हैं। उनका सम्मान, सुरक्षा एवं स्वास्थ्य हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। राष्ट्रीय नमस्ते दिवस का उद्देश्य सफाई मित्रों के योगदान का सम्मान करना तथा उन्हें सुरक्षित एवं सम्मानजनक कार्य वातावरण उपलब्ध कराना है।

श्रीमती अंशिका सिंह चौहान उपयंत्री एवं स्वच्छता नोडल द्वारा कहा गया कि नगर पालिका द्वारा सफाई मित्रों के कल्याण हेतु संचालित सभी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाएगा तथा भविष्य में उनके हित में निरंतर कार्य किए जाएंगे।कार्यक्रम का समापन सभी उपस्थितजनों द्वारा स्वच्छता, सुरक्षित कार्य व्यवहार एवं पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लेकर किया गया।

# आज बालाघाट से निकलेगी जगन्नाथ रथयात्रा

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।





**बालाघाट में इस्कॉन संस्था के लगातार तीसरे साल भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा को लेकर बैठक हुई। यह रथयात्रा 16 जुलाई को बिल्कुल जगन्नाथपुरी की तर्ज पर निकाली जाएगी।**

गुरुवार शाम 4 बजे नए श्रीराम मंदिर से इस यात्रा की शुरुआत होगी। रथयात्रा में भगवान जगन्नाथ, उनके भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा रथ पर सवार होकर भक्तों को दर्शन देने निकलेंगे।

यह रथयात्रा नए श्रीराम मंदिर से शुरू होकर हनुमान चौक, नया सराफा, सुभाष चौक, काली पुतली चौक और आंबेडकर चौक से होते हुए सिंधु भवन पहुंचेगी। यात्रा के स्वागत और दर्शन के लिए शहर के प्रमुख रास्तों को सजाया गया है।

सिंधु भवन में यात्रा के समापन पर 5 हजार से ज्यादा श्रद्धालुओं के लिए महाप्रसाद (भंडारे) का इंतजाम किया गया है। सर्किट हाउस में हुई एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में इस्कॉन संस्था के रमेश रंगलानी, लता एलकर, अभय सेठिया, श्याम कौशल और रत्नभूषण दास ने सभी भक्तों से इस यात्रा में शामिल होने की अपील की है। इस्कॉन के संचालक रत्नभूषण दास ने बताया कि भगवान जगन्नाथ खुद चलकर अपने भक्तों के बीच आते हैं। ऐसी मान्यता है कि रथ की रस्सी खींचने या रथ पर सवार भगवान के दर्शन करने मात्र से ही इंसान के सारे पाप और कष्ट दूर हो जाते हैं।

## लंबित मांगों के समाधान के लिए तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

# पटवारियों का तीन दिवसीय सामूहिक अवकाश प्रारंभ



हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।

खैरलांजी तहसील क्षेत्र अंतर्गत 86 ग्रामो के 42 पटवारियों ने सामूहिक रुप से तहसीलदार तीरथ अक्षरिया व नायब तहसीलदार दुलारे सिंह परते को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा है। पटवारी संघ की तरफ से यह बताया गया है कि प्रदेश के पटवारी संवर्ग की वर्षो लंबित 5 सूत्रीय मांगो के समाधान के लिए पटवारियो ने 15 जुलाई से 17 जुलाई तीन दिन सामूहिक अवकाश का ऐलान कर दिया है।यदि उनकी पांच प्रमुख मांगे नहीं मानी जाती है तो प्रदेशभर में चरणबद्ध और व्यापक आंदोलन किए जाने की चेतावनी दी गई है।

इसी तारतम्य में खैरलांजी तहसील क्षेत्र के पटवारी संघ ने लामबंद होकर सामूहिक अवकाश पर चले जाने ज्ञापन दिया है।मध्यप्रदेश शासन द्वारा पटवारी संवर्ग की वर्षों से लंबित मांगों के निराकरण में हो रही लगातार देरी, पदोन्नति से वंचित रखने तथा सेवा संबंधी समस्याओं के समाधान नहीं होने से प्रदेशभर का पटवारी संवर्ग आक्रोशित हो गये है।

पटवारी संघ के कार्यकारी ब्लॉक अध्यक्ष शिफिल धमगाये का कहना है कि संगठन पिछले कई वर्षों से अपनी न्यायोचित मांगों को शासन के समक्ष विभिन्न माध्यमों से उठाता रहा है। मुख्यमंत्री द्वारा नवंबर 2025 में महाधिवेशन के लिए समय देने तथा तिथि पृथक से तय कर सूचित करने का आश्वासन दिया गया था, लेकिन आज तक न तो महाधिवेशन की तिथि घोषित की गई और न ही पटवारियों की लंबित मांगों पर कोई ठोस निर्णय लिया गया। इससे पूरे प्रदेश का पटवारी संवर्ग स्वयं को उपेक्षित एवं शोषित महसूस कर रहा है।

पटवारियों के कैडर का रिव्यू किया जाए, उन्हें प्रमोशन का मौका मिले और समयमान वेतनमान दिया जाए। हाल ही में हुए प्रमोशनों में पटवारियों को शामिल न किए जाने से वे इसे अपने साथ भेदभाव मान रहे हैं।

नायब तहसीलदार के लिए विभागीय परीक्षा जल्द कराई जाए और पटवारियों के लिए प्रोटेक्शन एक्ट लागू हो।

काफी समय से रुके हुए वित्तीय भुगतानों को तुरंत किया जाए और संघ के पदाधिकारियों के गलत तरीके से किए गए तबादले रद्द हों।

### 7 दिन का अल्टीमेटम, फिर आंदोलन

ज्ञापन में स्पष्ट कहा गया है कि यदि सात दिनों के भीतर शासन द्वारा पांचों मांगों के संबंध में सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया तो 15 जुलाई से 17 जुलाई 2026 तक प्रदेशभर के पटवारी सामूहिक अवकाश लेकर सांकेतिक आंदोलन करेंगे। इसके बाद आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा।

## 9 साल की बच्ची से रेप,आरोपी को 20 साल कारावास

**बालाघाट।** बालाघाट विशेष न्यायालय ने 9 साल की मासूम के साथ रेप करने वाले आरोपी को 20 साल कारावास की सजा सुनाई है। विशेष न्यायाधीश गौतम सिंह मरकाम की अदालत ने 9 महीने पुराने इस संवेदनशील मामले में त्वरित सुनवाई करते हुए आरोपी को दोषी पाया और यह कड़ा फैसला सुनाया। यह शर्मनाक घटना 29 अक्टूबर 2025 को बालाघाट के ग्रामीण थाना क्षेत्र में हुई थी। 9 वर्षीय पीड़िता अपने घर के पास खेल रही थी, तभी पड़ोस में रहने वाले पंचम बारेकर (45 वर्ष) ने उसे अकेला देखा। आरोपी बच्ची को बहला-फुसलाकर अपने सूने घर में ले गया और दरवाजा बंद कर उसके साथ दुष्कर्म किया। वारदात के बाद सहमी बच्ची ने अपने घर पहुंचकर परिजनों को पूरी बात बताई। पीड़िता की मां तुरंत उसे लेकर ग्रामीण थाने पहुंचीं और आरोपी पंचम बारेकर के खिलाफ मामला दर्ज कराया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर मामले की गहन जांच की और सभी पुख्ता सबूतों के साथ न्यायालय में चार्जशीट दाखिल की।

## पुलिस थाना किरनापुर में चलाया गया नशे से दूरी है जरूरी 2.0 अभियान

**किरनापुर।** पुलिस महानिदेशक श्री कैलाश मकवाणा ,जिला पुलिस महानिरीक्षक श्री ललित शाक्यवार, उप पुलिस महानिरीक्षक श्री विनीत जैन व जिला पुलिस अधीक्षक श्री आदित्य मिश्रा के मार्गदर्शन में आज पुलिस थाना किरनापुर के थाना प्रभारी राजकुमार चौधरी ने पुलिस थाना प्रांगण में स्टाफ को नशा मुक्ति अभियान के तहत 15 जुलाई से 30 जुलाई 26 तक चलने वाले नशा मुक्ति अभियान की शपथ दिलाई गई। शपथ मेंॅ मैं शपथ लेता हूं कि मैं जीवन में कभी नशा नहीं करूंगा और ना ही अपने परिवार के किसी सदस्य को नाश करने दूंगा, मैं यह भी शपथ लेता हूं कि नशा मुक्ति मध्य प्रदेश बनाने में अपना पूर्ण योगदान प्रदान करूंगाॅ इस राज्य व्यापी जन जागरूकता अभियान का उद्देश्य युवाओं और समाज को नशे के दुष्प्रभाव से बचाना तथा मध्य प्रदेश को नशा मुक्त बनाना है। नशे की लत न केवल परिवार बल्कि पूरे समाज के लिए बड़ी परेशानी बन जाती है ऐसे में यह खतरा हमेशा के लिए खत्म हो इसके लिए जरूरी है कि हम सब एकजुट होकर इस दिशा में आगे बढ़े।

## गर्रा (मशीनटोला) विद्यालय में विधिक साक्षरता शिविर आयोजित, विद्यार्थियों को कानूनों और अधिकारों की दी गई जानकारी

**बालाघाट।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री प्राणेश कुमार प्राण के मार्गदर्शन में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गर्रा (मशीनटोला) में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य विद्यार्थियों को उनके संवैधानिक अधिकारों, कर्तव्यों तथा विभिन्न महत्वपूर्ण कानूनों की जानकारी देकर उन्हें जागरूक नागरिक बनने के लिए प्रेरित करना था। शिविर में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बालाघाट के सचिव श्री सतीष शर्मा ने विद्यार्थियों को पॉक्सो अधिनियम, निःशुल्क विधिक सहायता योजना, भारतीय संविधान में वर्णित मौलिक अधिकार एवं मौलिक कर्तव्यों की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि शिक्षा व्यक्ति को अपने अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति जागरूक बनाती है तथा उसे समाज का जिम्मेदार और सक्रिय नागरिक बनने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। श्री शर्मा ने विद्यार्थियों को साइबर अपराध एवं साइबर सुरक्षा, मोटर व्हीकल एक्ट, बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम तथा नशे के दुष्परिणामों के संबंध में भी महत्वपूर्ण जानकारी दी।

# अवैध कीटनाशक बेचते हुए फोटो खींचना पड़ा भारी

## मारपीट, धमकी और घर में घुसकर तोड़फोड़, कृषि केंद्र संचालक ने दर्ज कराई एफआईआर



**हरिभूमि न्यूज कटंगी।** कटंगी थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम वरुण निवासी श्री राम कृषि सुविधा केंद्र के संचालक रोहित पटले के साथ अवैध कीटनाशक बेचने का विरोध करने पर मारपीट और धमकी का मामला सामने आया है। आरोपी पड़ोस के ग्राम कोसमी निवासी एडवांस पेस्टिसाइड कंपनी के सेल्स ऑफिसर नरेंद्र गौतम बताया जा रहा है। पीड़ति की शिकायत पर कटंगी पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़ति रोहित पटले ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि सोमवार 13 जून की दोपहर करीब सवा दो बजे वह लखनवाड़ा में थे। इसी दौरान उन्होंने देखा कि वाहन क्रमांक एमपी 50 जी 2580 में एक व्यक्ति धान की दवा अवैध तरीके से किसानों को बेच रहा था। कृषि क्षेत्र में लंबे समय से काम करने के कारण रोहित को शक हुआ और उन्होंने सबूत के तौर पर आरोपी की मोबाइल से तस्वीर खींच ली। रोहित ने बताया कि किसान हित में उन्होंने वह तस्वीर कृषि व्यापार से जुड़े व्यापारियों के व्हाट्सएप ग्रुप में अपलोड कर दी, ताकि अवैध विक्रय पर रोक लग सके। लेकिन फोटो वायरल होते ही विवाद शुरू हो गया। शिकायत के अनुसार, फोटो अपलोड करने के कुछ ही देर बाद दोपहर 2 बजकर 43 मिनट पर सेल्स ऑफिसर नरेंद्र गौतम ने रोहित को फोन कर धमकी दी। नरेंद्र ने कहा कि तुमने फोटो क्यों खींची इसका अंजाम भुगतना पड़ेगा। धमकी के बाद भी मामला शांत नहीं हुआ। मंगलवार की रात सवा 12 बजे नरेंद्र गौतम सीधे रोहित के घर ग्राम वरुण पहुंच गया। पीड़ति का आरोप है कि आरोपी ने घर में घुसकर गाली-गलौज की और मारपीट शुरू कर दी। हंगामे की आवाज सुनकर परिजन बाहर आए तो आरोपी ने जान से मारने की धमकी भी दी। घटना के दौरान रोहित ने तुरंत डायल 112 पर कॉल कर पुलिस को सूचना दी। लेकिन पुलिस टीम के पहुंचने से पहले ही नरेंद्र गौतम मौके से फरार हो गया। घटना के बाद मंगलवार को रोहित पटले कटंगी थाने पहुंचे और आरोपी के खिलाफ लिखित शिकायत दी। शिकायत के आधार पर कटंगी पुलिस ने आरोपी नरेंद्र गौतम के खिलाफ बीएनएस 2023 की धारा 296(ए), 115(2) और 351(3) के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

# पीएम श्री शासकीय विद्यालय अमेड़ा में गुरू पुर्णिमा पखवाड़े का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



स्थानीय पीएम श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, अमेडा में गुरु पूर्णिमा पखवाड़े का भव्य एवं गरिमामयी शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि एवं विद्यालय के प्राचार्य बी. एस. घरते द्वारा मां सरस्वती के तैलचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर की गई।इसके पश्चात, विद्यालय के संगीत शिक्षक नितेश मिश्रा के कुशल निर्देशन में छात्र-छात्राओं ने अत्यंत सुमधुर सुरों में सरस्वती वंदना की प्रस्तुति देकर पखवाड़े का औपचारिक आरंभ किया। इस अवसर पर प्राचार्य बी. एस. धारते ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए भारतीय संस्कृति में गुरु के सर्वोच्च स्थान और गुरु पूर्णिमा के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने छात्रों को गुरुओं के दिखाए मार्ग पर चलने और जीवन में अनुशासन बनाए रखने की प्रेरणा दी। संगीत शिक्षक नितेश मिश्रा और अन्य शिक्षकों ने भी बच्चों का उत्साहवर्धन किया।इस पखवाड़े के अंतर्गत आगामी दिनों में विद्यालय में विभिन्न प्रकार की शैक्षणिक, साहित्यिक और सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान शाला का समस्त शिक्षक स्टाफ और बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## किसान 31 जुलाई तक कराएं फसल बीमा

**बालाघाट।** खरीफ वर्ष 2026-27 के लिए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत किसानों से 31 जुलाई 2026 तक अपनी धान की फसल का बीमा कराने की अपील की गई है। उप संचालक कृषि श्री फूलसिंह मालवीय ने बताया कि इस वर्ष अल नीनो के संभावित दुष्प्रभावों को देखते हुए समय पर फसल बीमा कराना किसानों के लिए अत्यंत आवश्यक है। इससे प्राकृतिक आपदाओं के कारण होने वाले नुकसान की स्थिति में किसानों को आर्थिक सुरक्षा मिल सकेगी। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत प्राकृतिक आपदाओं, अतिवृष्टि, सूखा, ओलावृष्टि, बाढ़, जलभराव तथा कीट एवं रोग प्रकोप से फसल को होने वाली क्षति पर किसानों को आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। योजना का उद्देश्य किसानों की आय को सुरक्षित रखना तथा खेती में आने वाले जोखिम को कम करना है।

# एथेनॉल प्लांट के नाम पर हुए करोड़ों रुपए के चावल घोटाले में पुलिस ने 13 लोगों के खिलाफ की एफआईआर दर्ज



**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** बालाघाट जिले में एथेनॉल प्लांट के नाम पर हुए करोड़ों रुपए के चावल घोटाले में पुलिस ने 13 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। इस हाई-प्रोफाइल मामले में छिंदवाड़ा के एवीजे (AVJ) एथेनॉल प्लांट (बोरगांव) के मालिक पिता-पुत्र और सिवनी के नंदगोपाल राइस मिल के संचालक सोनू जैन भी आरोपी हैं, जो फिलहाल फरार हैं।

मंगलवार को पुलिस अधीक्षक (SP) आदित्य मिश्रा ने पहली बार प्रेस कॉन्फ्रेंस कर इस पूरे घोटाले का ब्योरा दिया।

एसपी आदित्य मिश्रा ने बताया कि पुलिस फिलहाल पिछले 6 से 8 महीनों के दौरान बालाघाट जिले के एफसीआई (FCI) और सीडब्ल्यूसी (CWC) गोदामों से एवीजे एथेनॉल प्लांट को सप्लाई किए गए चावल के रिकॉर्ड की जांच कर रही है। पुलिस के पास अब तक 5429 मीट्रिक टन चावल की हेराफेरी से जुड़े पुख्ता दस्तावेज मिले हैं।

आंकड़ों के मुताबिक, इस घोटाले में करीब 12.5 करोड़ रुपए की सरकारी कीमत का चावल शामिल है। जांच के दूसरे चरण में पुलिस एवीजे प्लांट को मध्य प्रदेश के अन्य जिलों से एथेनॉल बनाने के नाम पर भेजे गए चावल की सप्लाई की भी कड़ाई से जांच करेगी।

यह पूरा मामला 3 जून को सामने आया था और 5 जून को इस पर एफआईआर दर्ज की गई थी। मामले में गठित 20 से 25 सदस्यीय विशेष जांच दल (SIT) ने अब तक केवल 20 ट्रकों को जब्त किया है।

दुर्गेश शेंडे (संचेती राइस मिल का ट्रक चालक),राहुल प्रताप (एवीजे एथेनॉल प्लांट का प्रतिनिधि),राकेश श्रीवास्तव (सुपरवाइजर), उबेद खान (सिवनी का ट्रांसपोर्टर) इन्हें पुलिस ने पकड़ा है।

मामले के अन्य आरोपी अभी भी पुलिस की गिरफ्त से बाहर हैं, जिनकी तलाश में टीमें लगातार दबिश दे रही हैं। एसपी ने आश्वासन दिया है कि फरार आरोपियों को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

इस बड़े घोटाले का भंडाफोड़ 3 जून को हुआ था, जब वारासिवनी थाना क्षेत्र में स्थित संचेती राइस मिल से एवीजे एथेनॉल प्लांट के लिए निकले फोर्टिफाइड चावल से लदे एक ट्रक को पकड़ा गया था। इस कार्रवाई के बाद जैसे-जैसे जांच आगे बढ़ी, ट्रकों और आरोपियों की संख्या बढ़ती चली गई।

इस मामले में राजनीतिक रसूखदारों और राइस मिलर्स के बीच के अपवित्र गठजोड़ की चर्चाएं भी गर्म हैं। हालांकि, पुलिस का पूरा ध्यान फिलहाल एवीजे एथेनॉल प्लांट और बालाघाट के सरकारी गोदामों के बीच हुए चावल के संदिग्ध परिवहन पर केंद्रित है।

## गरीब बोले- हटाने के पहले करे आवास की व्यवस्था, पीएम आवास लेने के लिए नहीं है पैसे, फ्री दे आवास

# विधानसभा घेराव की तैयारी : आप ने अतिक्रमण प्रभावितों के साथ कलेक्ट्रेट में सौपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



आकाशवाणी और पॉवर हाउस के बीच, शासकीय जमीन पर अतिक्रमण कर 5 दशक से भी ज्यादा समय रह रहे लोगों को हाईकोर्ट के आदेश के बाद, अब हटाने का डर सता रहा है, सोमवार को तहसील कार्यालय में रहवासियों को सुनवाई के लिए बुलाया गया था। जहां प्रशासन ने उन्हें ऑफर किया कि वह ढिमरटोला पानी टंकी के पास बने पीएम आवास ले सकते है, उसके लिए नियमानुसार प्रक्रिया के तहत उन्हें राशि जमा करनी होगी, लेकिन यहां, निवासरत परिवार अब राशि नहीं होने की बात कहकर, फ्री में आवास व्यवस्था करने की मांग कर रहा है।अपनी इसी मांग को लेकर आप नेता मनोज पमनानी के साथ, रहवासियो ने मंगलवार को कलेक्टर कार्यालय में एक ज्ञापन सौपते हुए, हाइकोर्ट के निर्णय के अनुसार आपसी तालमेल बैठाकर, विथापित करने के पूर्व निःशुल्क उनके आवास की व्यवस्था बनाने की मांग की है।जहा उन्होंने मांग पूरी ना होने पर आगामी समय मे भोपाल पहुचकर विधानसभा का घेराव किए जाने की चेतावनी दी है।

### विधानसभा घेराव की तख्तिया लेकर किया प्रदर्शन

हाई कोर्ट के निर्णय के अनुसार समस्या का हल निकालने और विस्थापित करने की पूर्व निशुल्क आवास की व्यवस्था करने की प्रमुख मांग को लेकर कलेक्टर कार्यालय पहुंचे झुग्गी निवासियों ने कलेक्ट्रेट कार्यालय में विधानसभा घेराव की तख्तियां लेकर प्रदर्शन किया। जहां उन्होंने उच्चतम न्यायालय के आदेश अनुसार 13 तारीख को तहसीलदार कोर्ट में हुई सुनवाई को एकतरफा व अर्थहीन बताया ,तो वहीं उन्होंने आवास के बदले आवास दिए जाने की बात कही। इसके अलावा उन्होंने तहसीलदार और नगर पालिका के उक्त सुझाव का भी विरोध किया जिसमें उन्होंने बूढ़ी स्थित पीएम आवास योजना के तहत बने मकान को पैसों में खरीदने की सलाह दी गई थी। अपनी इस मांग को लेकर प्रदर्शनकारियों ने विधानसभा घेराव की तख्तियां लेकर प्रदर्शन किया ।

### तो विधानसभा का करेंगे घेराव- मनोज पमनानी

आप नेता मनोज पमनानी ने बताया कि आकाशवाणी के पास निवासरत, लोग, आर्थिक रूप से कमजोर है, रोज कमाकर खाते है, जिनके लिए आवास के लिए एक साथ 20 हजार रूपए नही दे सकते, फिर लोन की प्रक्रिया महंगी है, और ना ही प्रतिमाह 10 हजार रूपए जमा कर 20 माह बाद चॉबी लेने की लंबी अवधि तक यह अन्यत्र कहीं रह सकते है। वे पैसे कैसे देंगे, उनके निशुल्क विस्थापन और मकान के बदले मकान की प्रमुख मांग को लेकर पिछले दिनों हमने कलेक्टर कार्यालय में तालाबंदी की थी उस समय एसडीएम द्वारा चार माह की मोहल्ला दी गई थी।इसी बीच हाई कोर्ट में याचिका लगाई गई थी उसके फैसले में इन लोगों के लिए वैकल्पिक व्यवस्था बनाए जाने के आदेश दिए गए हैं, लेकिन संबंधित अधिकारी पीएम आवास के लिए नियमों को हवाला देते हुए रकम जमा करने की बात कह रहे हैं जो संभव नहीं है।जिसके लिए प्रशासन को इन रहवासियो के लिए संवेदनशीलता दिखाते हुए इनके फ्री आवास की व्यवस्था करना चाहिए और यदि ऐसा नहीं होता है तो भोपाल जाकर विधानसभा का घेराव किया जाएगा। जिसकी जानकारी भी ज्ञापन के माध्यम से दी जा चुकी है।

# गुरु पूर्णिमा पखवाड़ा का हुआ प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नगपुरा में गुरुपूर्णिमा पखवाड़ा अंतर्गत प्रथम दिवस पर संस्था में प्रार्थना सभा के दौरान कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इसके पश्चात दीप प्रज्वलन कर सरस्वती वंदना एवं गुरु वंदना का गायन हुआ। वहीं लोक शिक्षण संचानालय भोपाल के निर्देशानुसार कार्यक्रम में 15 जुलाई से 23 जुलाई तक कार्यक्रमो का आयोजन करने हेतू निर्देश प्राप्त हुए है जिसके तिथिवार कार्यक्रम आयोजित किये जायेगे। विद्यार्थिकों में संस्कृति गुरु ज्ञान संस्कार एवं जीवन मूल्यों का विकास करना इसका मुख्य उद्देश्य है। साथ ही गुरु शिष्य परंपरा के संवर्धन, शिक्षको के सम्मान, विद्यार्थियों में संस्कारों के विकास तथा शैक्षणिक वातावरण को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से कार्यक्रम प्रदेश के समस्त विद्यालयो में आयोजित किये जा रहे है। प्रथम दिवस पर उक्त कार्यकम को सफल बनाने में संस्था प्रभारी चन्द्रपाल उके के द्वारा दीप प्रज्वलित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त विद्यार्थी उपस्थित रहें एवं स्टाप से श्रीमती अनुराधा भौरगडे, प्रीति अमूले, सोमलाल बारेकर, शीतल बहेकार व सभी शिक्षक / शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

NCVT एवं DGE&T से मान्यता प्राप्त...
रोजगार हेतु नियमित केम्पस
न्यूनतम शुल्क
सर्वश्रेष्ठ प्रशिक्षण
सर्वाधिक रोजगार
स्वामी विवेकानन्द प्रा. I.T.I.
Admission Open
इलेक्ट्रिशियन
फिटर
मोती तालाब के पास, सुरभि नगर, बालाघाट, मो. 7000627847, 7000482405, 9826324832